मिसेज़ कैटी और बिल्ली

पैट

मिसेज़ कैटी और बिल्ली

पैट

लारनेल, श्रीमती कैटी को बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता था, लेकिन लगभग हर दूसरे दिन उसकी माँ काम ख़त्म होने के बाद श्रीमती कैटी से मिलती थीं.

"जब से उनके पति की मृत्यु हुई है वो बहुत अकेली हैं," माँ ने लारनेल को बताया.

श्रीमती कैटी ने पुराने फोटो एल्बम को देखते हुए एक दिन लारनेल की माँ के हाथों को कसकर पकड़ा. "वह मेरे पति, मायरोन हैं." मिसेज कैटी ने कहा.

उन्होंने कहा, "वो बहुत पहले पोलैंड से आए थे. हमारी इतनी बढ़िया जिंदगी थी, बढ़िया जिंदगी!'' फिर उनकी आवाज टूट गई.

"हमारे कोई बच्चे नहीं हुए. अब मैं हनुक्का और पासओवर त्योहारों वाले दिन बिलकुल अकेली रहूँगी."

फिर वो रो पड़ीं.

अगले दिन लारनेल उनसे मिलने खुद आया.

"मैं सोच रहा था," उसने कहा. "हमारी इमारत के तहखाने में एक बिल्ली के कुछ बच्चे हुए हैं. बाकी बच्चों को तो किसी-न-किसी ने ले लिया. लेकिन एक छोटी बिल्ली को कोई नहीं ले रहा है. कोई भी उसे नहीं चाहता है क्योंकि वो इतनी बदसूरत है. उसकी पूंछ भी नहीं है."

"बदसूरत, क्या कहा तुमने?" श्रीमती कैटी ने कहा. "जब वह छोटा था, तब मेरा मायरोन भी बदसूरत था, लेकिन वो बड़ा होकर एक अच्छा इंसान बना!"

श्रीमती कैटी ने बिल्ली के छोटे बच्चे को देखा.

"पतली-दुबली, एकदम सिकुड़ी, इतनी छोटी... कोई पूंछ नहीं." उन्होंने कहा.

फिर उन्होंने बिल्ली के बच्चे की बारीकी से जांच की.

"मुझे नहीं पता," उन्होंने संदेह से कहा. फिर उन्होंने लारनेल के चेहरे पर नज़र डाली.

"लारनेल, मैं उसे अपने पास रखूंगी!" उन्होंने घोषणा की. "लेकिन एक शर्त पर. तुम रोज़ आकर मेरी मदद करोगे. मैंने पहले कभी बिल्ली नहीं पाली है."

लारनेल ने वादा किया.

"मैं उसे एक अच्छा यहूदी नाम दूँगी," मिसेज कैटी ने कहा. "चलो देखते हैं, क्योंकि उसकी कोई पूँछ नहीं है - इसलिए मैं उसे टश के नाम से बुलायूंगी."

टश, धीरे-धीरे स्वस्थ और ताकतवर बनी.

मिसेज कैटी ने उसके लिए खाना बनाया, उसे ब्रश किया, उसके लिए ऊपर से खिलौने उतारे और उसे किताबें पढ़ कर सुनाईं.

"कितनी सुन्दर बिल्ली है," वो टश को खेलते हुए देखकर कहतीं.

मिसेज कैटी टश के प्यार में डूब गईं थीं.

लारनेल ने अपना वादा निभाया. वो रोज़ाना स्कूल के बाद मिसेज़ कैटी और टश से मिलने आता. वहाँ ताजा बेक्ड कुगेल और दूध का एक बड़ा गिलास हमेशा उसके लिए हाज़िर होता. उसे टश से खेलने में तो मज़ा आता ही था पर उसे मिसेज़ कैटी के पुराने देश की कहानियां सुनने में भी बहुत आनंद आता था.

"मैं वारसॉ से आई थी. वो पोलैंड देश में है. यह तुम जानते ही होगे. मैं अपने चचेरे भाई मोएशे के लिए कपड़े सिलाई का काम करने के लिए यहाँ आई थी. मुझे अंग्रेजी का एक भी शब्द बोलना नहीं आता था!"

"फिर आपने यहाँ लोगों से कैसे बातचीत की?" लारनेल ने पूछा.

"मैंने किसी ने बात नहीं की," उन्होंने उत्तर दिया. "कई दिनों मैं बहुत रोई .... फिर मेरी मुलाक़ात मायरोन से हुई. मेरा बनाया कुगेल चखने के बाद उसने मुझसे शादी करने को कहा!"

"इस बात पर मैं पूरी तरह यकीन कर सकता हूँ!" लारनेल ने कहा और उसने कुछ और कुगेल खाया.

"मायरोन और मैं कैट्सकिल्स-एक रिसॉर्ट में छुट्टियां मनाने जाते थे. वो यहूदियों के रहने के लिए एक जगह थी."

"आपका मतलब है कि तब यहूदी जहाँ चाहें वहां नहीं रह सकते थे?" लारनेल ने पूछा.



श्रीमती कैटी ने जवाब नहीं दिया. उसकी बजाय वो एक संदूक के पास गयीं और उन्होंने कुछ पुराने कपड़े निकाले.

"मेरी दादी ने मुझे उन जगहों के बारे में बताया था जहाँ वो नहीं रह सकती थीं," लारनेल ने धीरे से कहा.

"लारनेल, तुम्हारे लोग और मेरे लोग, कुछ-कुछ एक जैसे ही हैं. हमने बहुत मुसीबत देखी है, और खुशी भी. हमारे पास बहुत ताकत है. तुम और मैं कई मायनों में एक जैसे हैं, हम बहुत समान हैं."

"अब मैं तुम्हें क्या बता रही थी? ओह हाँ, कैट्सकील्स! हम हर रविवार को नए कपड़े पहनते थे और फिर खूब नाच करते थे," श्रीमती कैटी ने कहा.

फिर उसने रिकॉर्ड प्लेयर पर रिकॉर्ड बजाया. रिकॉर्ड पुराना और खरोंचों वाला था.

"तुम सुन रहे हो, लारनेल?" उन्होंने कहा "हम यही नृत्य करते थे. यह मेरी मातृभूमि का नृत्य है. देखो, मैं तुम्हें दिखाती हूँ."

वे कमरे में चारों ओर घूमती रहीं, और हँसती रहीं.



जैसे-जैसे सप्ताह बीतते गए, लारनेल ने मिसेज़ कैटी के साथ और ज़्यादा समय बिताया. "चूंकि तुम मेरे लिए लगभग परिवार के सदस्य जैसे हो लारनेल," उन्होंने एक दिन कहा, "इसलिए मैं चाहती हूं कि तुम मेरे साथ आओ और मेरे मायरोन के लिए प्रार्थना करो. मुझे पता है कि तुम यहूदी नहीं हो, लेकिन मायरोन तुम्हें ज़रूर पसंद करेगा. तुम बड़े अच्छे इंसान हो लारनेल!"

कब्रिस्तान में मिसेज़ कैटी ने अपनी प्रार्थना की किताब में से पढ़ा.

फिर उन्होंने लारनेल से मिस्टर कैटी के हेडस्टोन के ऊपर एक छोटी शिला रखने को कहा. "हम यह याद रखने के लिए करते हैं," उन्होंने धीरे से कहा. "शालोम, मायरोन," उन्होंने बड़बड़ाया और फिर अपनी आँखों से आँसू पोंछे.

घर के रास्ते में उन्होंने घोषणा की, "कुगेल! मैंने बढ़िया कुगेल पकाया है. वैसा कुगेल तुमने आजतक नहीं खाया होगा, लारनेल!"

"जल्दी करो - टुश हमारी फ़िक्र कर रही होगी," उन्होंने कहा और

फिर वो घर की ओर चले.



जब वे घर गए, तो उन्होंने टश को बुलाया, लेकिन वो नहीं आई
उन्होंने उसे हर जगह ढूँढा. अचानक मिसेज कैटी हांफने लगीं.
आग से बचने वाली खिड़की खुली थी.
"अरे नहीं!" वह रोईं. "मैं जाने से पहले खिड़की बंद करना भूल गई!
बेचारी बबलू! वो इससे पहले कभी बाहर नहीं गई थी!"
"लेकिन हम उसे ज़रूर ढूंढ लेंगे." लारनेल ने उन्हें आश्वस्त करने की
कोशिश की.
"हाल में वो कुछ अजीब कर रही थी," मिसेज़ कैटी ने अपने आँसू
पोछते हुए कहा. "वो घर से बाहर निकलने की कोशिश कर रही थी,
लेकिन मुझे डर था कि कहीं वो किसी कार से न टकरा जाए!"
"मिसेज कैटी मैं उसे ढूंढ लूंगा," लारनेल ने कहा. "मैं आपको निराश
नहीं होने दूंगा!"

अँधेरा हो रहा था.

पहले मिसेज कैटी और लारनेल ने उनकी इमारत के चारों ओर देखा.

फिर वे पड़ोस में हर जगह गए.

उन्होंने दरवाजे, टेलीफोन के खंभे और बाड़ पर लिखे नोट छोड़ दिए.

उन्होंने पास में रहने वाले सभी लोगों से पूछा,

लेकिन किसी ने भी टश को नहीं देखा था.

उसी रात एक तूफान आया.

बहुत तेज़ और भयंकर बारिश हुई!

मिसेज कैटी को बिलकुल नींद नहीं आई.

वो लगातार अपनी छोटी बिल्ली के बारे में सोचती रहीं.

"वो कितनी अच्छी है ... वो कितनी प्यारी है!" वो फुसफुसाईं.

रात में सबसे ज्यादा चिंता लारनेल को भी हुई.

मिसेज कैटी अब क्या करेंगी! उसने सोचा.

"भगवान, कृपया करके उस छोटी बिल्ली को उनके पास वापस लाओ," उसने धीरे से अपने तकिए में कहा.

सामने के दरवाजे पर एक जोरदार दस्तक ने मिसेज़ कैटी को जगाया.

लारनेल के पिता और दो अन्य पड़ोसी थे.

"क्या यह आपकी है?" उन्होंने पूछा.

"मेरी बबलू! मेरी बिल्ली!" मिसेज कैटी ने कहा.

"हमें वो गली में मिली, वो गीली और भूखी थी," मिस्टर मूर ने कहा.

"थैंक-यू, थैंक-यू!" मिसेज़ काट्ज ने कहा और उन्होंने टश को अपनी बाँहों में ले लिया.



अब टश की बाहर जाने की इच्छा लगभग ख़त्म हो गई थी. लेकिन अब वो बहुत सोती थी. जब लारनेल उसके साथ खेलने आता तभी भी वो सोती थी.

"मैं चाची हवेलिया के घर में पासओवर पर्व के लिए गई थी, वहीं मेरी मुलाक़ात मायरोन से हुई. क्या तुम यह जानते हो?" श्रीमती कैटी ने लारनेल को घूरते हुए पूछा.

"वो बहुत अच्छा समय था, परिवार के बहुत से सदस्य एक-साथ थे. अब मैं सिर्फ अकेली बची हूँ," उन्होंने धीरे से कहा.

"क्या मैं पासओवर की रात का भोजन आपके साथ कर सकता हूँ?" लारनेल ने पूछा.

"मैंने सोचा था कि तुम यह बात कभी नहीं पूछोगे!" उन्होंने लारनेल को गले लगाते हुए कहा. "मैं तुम्हारे लिए एक बेहतरीन सेडर (व्यंजन) तैयार करूँगी!"



"पासओवर का समय अच्छा भोजन खाने का होता है," मिसेज़ कैटी ने चिल्लाकर कहा.

"तुम्हारे लोगों की तरह, मेरे लोग भी गुलाम थे. वे एक ऐसे देश में रहते थे जहाँ वे नहीं रहना चाहते थे. वे आज़ादी चाहते थे और उन्होंने मदद के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. फिर ईश्वर ने एक स्वर्गदूत भेजा. स्वर्गदूत हमें कैद करने वालों के घरों में मृत्यु और दुख लाया. लेकिन स्वर्गदूत मेरे लोगों के घरों में नहीं आए."

"स्वर्गदूत को कैसे पता चला कि यहूदी कहाँ रहते थे?" लारनेल ने पूछा

"उन्होंने दरवाजों पर निशान लगाए. फिर स्वर्गदूत उन्हें छोड़कर गुज़र गया. लारनेल, इसीलिए हम इस पर्व को पासओवर कहते हैं!"

"चलो, लारनेल हमारे पास जश्न मनाने के लिए एक बड़ी दावत है, लेकिन हम उन लोगों को भी याद करते हैं जिन्होंने हमें मुक्त कराने के लिए बलिदान दिया था," मिसेज कैटी ने कहा, "रात के खाने का एक हिस्सा दुखद है पर दूसरा हिस्सा सुखद है!"





जैसा कि लारनेल ने मेज़पोश और चीनी की प्लेटें बाहर निकालने में मदद की. मिसेज़ कैटी ने कहा, "तुम जिस मेज़पोश को देख रहे हो वो कभी हमारी शादी की छतरी थी. पिछले सभी वर्षों में हमने उसका उपयोग पवित्र दिनों और समारोहों के लिए किया है."

"आपने कितने अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाए हैं?" लारनेल ने पूछा.

"क्योंकि कुछ यहूदी एक ही डिश में दूध और मांस खाना पसंद नहीं करते हैं," उन्होंने जवाब दिया.



जब वे एक साथ खाने के लिए बैठे तो मिसेज कैटी ने दो मोमबत्तियाँ जलाईं और उनके ऊपर हाथ फेरा. उन्होंने अपनी धार्मिक किताब पढ़ी, प्रार्थना की, फिर वो मुस्कुराई और उन्होंने कहा. "चलो, दावत शुरू करें!"

उन्होंने रेड वाइन और पानी पिया. उन्होंने कड़वी जड़ी-बूटियाँ, भेड़ का मांस और चिकन खाया. उन्होंने आलू के पैनकेक्स, जेलीफिल मछली और मसालेदार कटा हुआ सेब भी बनाया था.

"यह रोटी तो सोडा पटाखे की तरह दिखती है?" लोरनेल का कहा.

"हम इसे मटज़ोह कहते हैं, प्रिय. हम इसे पासओवर के पर्व पर खाते हैं, यह चपटी है क्योंकि इसमें कोई खमीर नहीं है."

"लारनेल मैंने अपने अपार्टमेंट में मटज़ोह का एक टुकड़ा छिपाया है. यदि तुम उसे ढूंढ पाए, तो मैं तुम्हें एक आश्चर्यजनक उपहार दूँगी!"

उपहार हाथ से बुना एक स्वेटर है जो मैंने सिर्फ तुम्हारे लिए बनाया है!

अगले दिन मिसेज़ कैटी ने लारनेल के अपार्टमेंट के पीछे की खिड़की से बाहर झांका.

"जल्दी आओ, कुछ अद्भुत देखने के लिए!"

लारनेल और उसकी माँ और पिताजी मिसेज़ कैटी के दरवाजे पर पहुंचे.

"मृत्यु का स्वर्गदूत चला गया, लेकिन जीवन का स्वर्गदूत आया है! देखो टश के चार बच्चे - आखिरकार मैं अब एक दादी हूँ!"

जैसे-जैसे वर्ष बीते मिसेज़ काट्ज, टश और उसके बच्चे लारनेल के परिवार का हिस्सा बन गए.

बच्चों ने पढाई की स्नातक बने, शादी की, उनके नए बच्चे हुए.

लारनेल, मिसेज़ काट्ज की कब्र के हेडस्टोन के सामने खड़ा था.

वह अपनी किताब से पढ़ रहा था.

उसने हेडस्टोन के ऊपर एक छोटी सी शिला रखी.

फिर लारनेल, उसकी पत्नी और उनके बच्चों ने एक साथ शिलालेख पढ़ा:

मिसेज़ कैटी, हमारी दादी, क्या अदभुत इंसान थीं!

अंत